>

Title : Need to promote sports and organize events under the Panchayat Yuva Kreeda Aur Khel Abhiyan in Jalore and Sirohi districts of Rajasthan.

श्री देवजी एम. पटेल (जालौर): खेलकूद किसी भी देश के सामाजिक और सांस्कृतिक जीवन का एक अभिन्न अंग है। यह शिक्षा और मानव व्यक्तित्व विकास का भी एक घटक है। खेलकूद को जनजीवन में लोकप्रिय बनाने के लिए पर्याप्त मात्रा में खेलकूद की मूल सुविधाओं की जरूरत होती है। अपने देश में आबादी का करीब 75 प्रतिशत हिस्सा आमतौर पर ग्रामीण इलाकों में रहता है और वह खेलकूद की बुनियादी सुविधा से वंचित है।

मेरे संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत जालौर और सिरोही जिले अत्यंत ही पिछड़े जिले हैं। जिले में खेलकूद के विकास में सबसे बड़ी बाधा है। बुनियादी सुविधाओं का पर्याप्त न होना और सामुदायिक कोचिंग सुविधाओं का अभाव। जिले भर में लड़के लड़कियों में खेल भावना को विकसित और प्रोत्साहित करने के लिए प्रत्येक पंचायत में खेल मैदान और स्टेडियम का निर्माण कराया जाए।

जालौर जिले में दो साल से पायका योजना के अंतर्गत राज्य स्तरीय खेल प्रतियोगिता नहीं हो रही है तथा बीते साल पायका की सभी प्रतियोगिताएं स्थगित कर दी गई।

जालौर और सिरोही जिले में पायका योजना के अंतर्गत नियमित पंचायत/ब्लाक व जिला स्तर पर खेलकूद प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएं।